<u>हिन्दी सप्ताह 2022 : एक रिपोर्ट (14-20 सितंबर, 2022)</u>

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी द्वारा 14 से 20 सितंबर 2022 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति एवं कुलसचिव महोदय द्वारा 14 सितंबर 2022 को हिन्दी दिवस - 2022 पोस्टर के लोकार्पण से किया गया।

हिन्दी सप्ताह के दौरान कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ ऑनलाइन आयोजित किए गए।

सप्ताह के आरम्भ में प्रशासनिक भवन में हिन्दी की मुख्य सुक्तियों को प्रदर्शित करते हुए बैनर तथा स्टैन्डी लगाए गए।

दिनांक 15 सितंबर 2022 को राजभाषा से संबंधित राजभाषा पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने अपनी जिज्ञासा को प्रकट किया।

23 सितंबर 2022 को हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा राजभाषा हिन्दी से संबंधित **"राजभाषा नीति, नियम, अधिनियम एवं कार्यान्वयन"** पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो. सय्यद नजमुल हसन द्वारा की गई। हिन्दी अधिकारी डॉ.शगुफ़्ता परवीन ने सभी कर्मचारियों द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हरसंभव प्रयास करने का वचन लिया।

हिन्दी सप्ताह के सफलतापूर्वक समापन के लिए हिन्दी अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति एवं कुलसचिव के आत्मीय सहयोग एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

माननीय कुलपति एवं कुलसचिव महोदय द्वारा हिन्दी दिवस पोस्टर का लोकार्पण

माननीय कुलपति एवं कुलसचिव महोदय से भेंट के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य।



हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन तथा हिन्दी सप्ताह समापन समारोह (ऑनलाइन)